समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# मार्च मे कंार खरीदने का मौका : मारुति सुजुकी की कई कारों पर बंपर ऑफर, 75,000 रुपये तक की छूट

Sanket Morankar — Published on 12 Mar 2026




नई कार खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी Maruti Suzuki ने मार्च 2026 के लिए अपनी प्रीमियम नेक्सा कारों पर आकर्षक ऑफर और भारी छूट की घोषणा की है।

कंपनी की कई लोकप्रिय कारों पर कैश डिस्काउंट, एक्सचेंज बोनस और अन्य ऑफर्स मिलाकर कुल 75,000 रुपये तक का फायदा ग्राहकों को दिया जा रहा है। इन ऑफर्स में कई लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं, जिनकी बाजार में काफी मांग रहती है।

मारुति की लोकप्रिय प्रीमियम हैचबैक Maruti Suzuki Baleno पर कुल 40,000 रुपये तक का लाभ दिया जा रहा है। इसमें करीब 20,000 रुपये का कैश डिस्काउंट और लगभग 20,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस शामिल है।

इसके अलावा Maruti Suzuki Fronx के टर्बो वेरिएंट पर लगभग 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट और 10,000 रुपये का एक्सचेंज ऑफर दिया जा रहा है। हालांकि इसके नॉन-टर्बो वेरिएंट पर कैश डिस्काउंट उपलब्ध नहीं है, लेकिन एक्सचेंज ऑफर का लाभ ग्राहकों को मिल सकता है।

वहीं Maruti Suzuki Ignis पर भी कुल 40,000 रुपये तक की बचत का मौका दिया जा रहा है। इसमें करीब 25,000 रुपये का कैश डिस्काउंट और 15,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस शामिल है।

इस महीने सबसे ज्यादा छूट ऑफ-रोड एसयूवी Maruti Suzuki Jimny पर दी जा रही है। इस मॉडल पर सीधे 75,000 रुपये तक का कैश डिस्काउंट दिया जा रहा है।

चार पहिया ड्राइव यानी 4×4 तकनीक के साथ आने वाली यह एसयूवी ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के बीच काफी लोकप्रिय है। ऐसे में यह ऑफर ग्राहकों के लिए इसे खरीदने का अच्छा मौका माना जा रहा है।

मारुति की प्रीमियम एमपीवी Maruti Suzuki XL6 पर कुल 50,000 रुपये तक का लाभ दिया जा रहा है। इसमें लगभग 25,000 रुपये का कैश डिस्काउंट और 25,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस शामिल है।

वहीं Maruti Suzuki Grand Vitara के स्मार्ट हाइब्रिड 4×2 वेरिएंट पर करीब 35,000 रुपये का कैश डिस्काउंट और 35,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस मिल सकता है।

कुछ टॉप वेरिएंट्स में कैश डिस्काउंट कम हो सकता है, लेकिन ग्राहकों को एक्सटेंडेड वारंटी और अन्य डीलर-स्तर की सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसके अलावा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वेरिएंट पर करीब 50,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस भी उपलब्ध हो सकता है।

ऑटोमोबाइल कंपनियां अक्सर वित्तीय वर्ष के अंत में बिक्री बढ़ाने के लिए इस तरह की छूट और ऑफर देती हैं। मार्च का महीना इसलिए कार खरीदने के लिए काफी अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान ग्राहकों को अच्छी बचत का मौका मिल जाता है।

हालांकि अंतिम छूट शहर, स्टॉक और चुने गए वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग हो सकती है। इसलिए ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि कार खरीदने से पहले नजदीकी Nexa शोरूम में जाकर ऑफर्स की पूरी जानकारी जरूर ले लें।

अगर आप नई कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.